JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

**E-mail:** pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

---

2025 / 08 / 425–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 15.08.2025

## देश के 79वें स्वाधीनता दिवस पर मानसरोवर डिपो स्थित प्रशासनिक भवन में किया गया ध्वजारोहण।

जयपुर 15 अगस्त। जयपुर मेट्रो प्रांगण में स्वाधीनता दिवस समारोह का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास व गौरव के साथ आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक कम्पनी मामलात् श्री महेश कुमार भुराड़िया द्वारा झंडारोहण किया गया तथा आजादी के शहीदों को नमन करते हुए स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में सभी निदेशकगण, अधिकारीगण, मेट्रो पुलिस एवं समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में बताया कि हमारे देश ने शहरी यातायात में मेट्रो के क्षेत्र में काफी उन्नती की है, देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में मेट्रो सेवाओ का संचालन हो रहा है। किसी भी शहर के लिए मेट्रो का होना उस शहर की उन्नती का परिचायक है और शहरवासियों के लिए गर्व की बात है।

इसी दिशा में उन्होनें बताया कि जयपुर मेट्रो रेल निगम निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, केंद्र एवं राज्य सरकार के 50:50 प्रतिशत वाले संयुक्त उपक्रम राजस्थान मेट्रो रेल निगम का गठन इसी वर्ष फरवरी 2025 में हो गया है। जिससे वर्तमान संचालित एवं निर्माणाधीन फेज–1 तथा भविष्य में आने वाले फेज–2 व अन्य फेज इसके अन्तर्गत क्रियान्वित किये जा सकेगे। मुख्य अतिथि द्वारा निदेशक परिचालन एवं प्रणाली और उनकी समस्त टीम को मेट्रो के सुरक्षित व समयबद्ध संचालन के लिए, निदेशक वित्त एवं उनकी समस्त टीम को मेट्रो के बेहतरीन वित्तीय प्रबंधन हेतु, कार्यकारी निदेशक कंपनी मामलात एवं उनकी टीम को मेट्रो की गैर किराया आय में बढ़ोतरी होने एवं कुशल प्रशासनिक संचालन हेतु एवं निदेशक परियोजना व उनकी समस्त टीम को मेट्रो के फेज सेकंड की DPR अनुमोदित करवाने एवं फेजC और D के निर्माण कार्यों में गति लाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अंत में मुख्य अतिथि श्री महेश कुमार भुराड़िया ने बताया कि हमें गर्व है कि देश के संविधान का पालन करते हुए हम सभी जयपुर मेट्रो को एक आत्मनिर्भर, विकसित उपक्रम और जयपुर को शहरी यातायात की दृष्टि से आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न शहर बना रहे हैं। हमें यह दृढ़ आशा है कि जयपुर मेट्रो अगले दिनों में और भी उन्नति की ओर बढ़ती रहेगी और हमारे जयपुर शहर को गौरान्वित करती रहेगी।

जय हिन्द

**जनसंपर्क अधिकारी**
**जयपुर मेट्रो**